**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.12.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना होंगे।
- द्वीप समूह में पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार प्रमुख परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने कहा – मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का गणना चरण 18 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा।
- सड़क मरम्मत कार्य के चलते ऑस्टिनाबाद मुख्य मार्ग आज से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज तीन देशों जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर रवाना होंगे। यात्रा के पहले चरण में श्री मोदी किंग अब्दुल्लाह द्वितीय इब्न अल हुसैन के निमंत्रण पर जॉर्डन जायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जॉर्डन किंग के साथ द्विपक्षीय संबंधों के समूचे पहलुओं की समीक्षा और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करेंगे। श्री मोदी की यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ पर हो रही है। प्रधानमंत्री कल इथियोपिया के लिए रवाना होंगे। यह प्रधानमंत्री की इथियोपिया की पहली यात्रा है। श्री मोदी इथियोपिया के प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात करेंगे और भारत – इथियोपिया के द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री ओमान जायेंगे और सुल्तान हैथम इब्न तारिक के साथ बैठक करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर हो रही है।

<><><><><><><>

द्वीप समूह में पर्यावरण–अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भारत सरकार के मार्गदर्शन में प्रशासन ने चार प्रमुख परियोजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली है। परियोजना का उद्देश्य 'होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ आइलैंड्स' ढांचे के तहत द्वीपसमूह को जिम्मेदारीपूर्ण और प्रकृति–केंद्रित पर्यटन के लिए एक वैश्विक गंतव्य बनाना है। इसके तहत पहले चरण में लॉन्ग आइलैंड,

एविस आइलैंड, स्मिथ आइलैंड और शहीद द्वीप में नए बीच–रिजॉर्ट बनाए जाएंगे। इसके अलावा, श्री विजयपुरम स्थित मेगापोड रिजॉर्ट का पुनर्विकास किया जाएगा। इन परियोजनाओं को सार्वजनिक–निजी भागीदारी मॉडल के तहत विकसित किया जा रहा है। इसके लिए 'लेटर ऑफ अवार्ड' जारी किए जा रहे हैं, जिसके बाद जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। दूसरे चरण में प्रशासन ने मध्योत्तर और दक्षिण अंडमान में 11 अतिरिक्त पर्यटन स्थलों के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। इसमें कालीपुर, रामनगर, आमकुंज, रमन बगीचा, नार्थ बे और फ्लैट बे शामिल है। इन 6 स्थानों के लिए बोली प्रक्रिया शुरू करने हेतु सलाहकारों की नियुक्ति की जा रही है। इन पर्यटन स्थलों के विकसित होने से स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। यह कदम द्वीपसमूह को वैश्विक स्तर पर एक प्रतिस्पर्धी, समावेशी और टिकाऊ पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनजातीय छात्र शिक्षा समिति –एनएसईएस कल और 17 दिसम्बर को नई दिल्ली में दो दिन का प्रधानाचार्य सम्मेलन का आयोजन करेगी। यह आयोजन देश भर के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों – ईएमआरएस के प्रधानाचार्यों की शैक्षणिक, प्रशासनिक, वित्तीय और नेतृत्व क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण पहल है। जनजातीय मामलों के मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य प्रधानाचार्यों को ईएमआरएस में चल रही परियोजनाओं, प्रमुख पहलों और साझेदार–समर्थित कार्यक्रमों से अवगत कराना है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एल. कुमार ने मतदाताओं से कहा है कि मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का गणना चरण 18 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। मतदान केंद्र स्तर पर, बूथ लेवल अधिकारियों ने बूथ लेवल एजेंटों के साथ बैठक कर 'असंग्रहणीय' गणना फॉर्मों की सूची साझा की है। बैठक में कहा गया है कि जिन मतदान केंद्रों पर राजनीतिक दलों द्वारा कोई BLA नियुक्त नहीं किया गया है, वहां यह सूची सार्वजनिक सत्यापन के लिए प्रदर्शित की जा रही है। इन बैठकों का विवरण, तस्वीरें और सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट और संबंधित जिला प्रशासन की वेबसाइटों पर उपलब्ध है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों और मतदाताओं से इस सूची को सत्यापित करने की अपील की है। यदि 'असंग्रहणीय' श्रेणी में सूचीबद्ध कोई भी व्यक्ति उपलब्ध या पता लगाने योग्य है, तो वे तुरंत अपने बीएलओ, AERO, ERO या DEO कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

मतदाताओं से 18 दिसम्बर तक वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी संपर्क करने को कहा गया है। प्रारूप नामावली का प्रकाशन 23 दिसंबर को प्रकाशित किया जाएगा। यदि प्रकाशित सूची में किसी का नाम नहीं आता है, तो वे दावे और आपत्ति अवधि के दौरान 23 दिसंबर से अगले वर्ष 22 जनवरी तक फॉर्म–6 भरकर आवेदन कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला मजिस्ट्रेट की ओर से सड़क मरम्मत कार्य के चलते यातायात प्रतिबंधों से संबंधित आदेश जारी किया गया है। इसके अनुसार पुराने पुलिस स्टेशन सैटेलाइट कॉलोनी से ऑस्टिनाबाद मुख्य मार्ग तक की सड़क आज से 23 दिसंबर तक सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। इस दौरान वाहनों की आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम सुविधा परिषद अध्यक्ष की ओर से एम एस ई–ओडीआर योजना के तहत अल्प अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर कानूनी सलाहकार और मानव संसाधन के पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। चयनित उम्मीदवारों को कार्यकाल 31 मार्च दो हजार सत्ताईस तक रहेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के आईसीडीएस शहरी परियोजना अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायक के पदों के लिए आवेदन करने वाले पात्र उम्मीदवारों की सूची बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार 18 दिसम्बर को अट्टम पहाड़ स्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में लिया जाएगा। साक्षात्कार निर्धारित आंगनवाड़ी केन्द्रों के हिसाब से सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

उत्तरी अंडमान के अटलांटा बे में ड्राई बल्क ट्रांसशिपमेंट पोर्ट पर सरकार द्वारा विचार करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीपों में सतत पर्यटन के विकास के लिए चार प्रमुख इको–टूरिज़्म परियोजनाओं के लिए निविदाओं को अंतिम रूप देने के समाचार को प्रकाशित करते हुए **द्वीप समाचार** ने सुर्खी दी है–अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पर्यटन विकास के नए युग का शुभारंभ, सफल निविदाओं से मिली गति। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने सर्किट बेंच परिसर में चौंथा राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित करने के समाचार को अपने पहले पन्ने में जगह दी है। कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में नेत्र तकनीशियन की कमी से निवासियों को होने वाली परेशानियों के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया**, जबकि न्यू वंडूर बीच पर ग्लास बॉटम बोट और पैरासेलिंग जैसी गतिविधियां शुरू करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रकाशित किया है।

**<><><><><><><>**